not arise.

ग्वालियर और उदयपुर में हवाई पट्टियों का निर्माण और मरम्मत

1172. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत के राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने ग्वालियर और उदयपुर में हवाई पट्टियों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है;

(ख) क्या इस कार्य को अक्तूबर, 1996 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया था;

(ग) यदि हां, तो उक्त कार्य को पूरा न करने के क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह सच है कि इन क्षेत्रों में आजकल पर्यटन का सीजन होने के कारण हवाई पट्टियों को इस सीजन में उड़ानों के लिए बन्द करने से पर्यटन को गहरा धक्का लगेगा; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार पर्यटन के सीजन के समाप्त होने के बाद उक्त कार्य को कराने के लिए निर्देश जारी करेगी?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने उदयपुर हवाई अड्डे पर धावनपथ के 7500 फुट तक विस्तार तथा पुनः सतहलेपन का कार्य किया है। कार्य को पूरा करने की लक्षित तारीख मार्च, 1997 है। ग्वालियर हवाई अड्डा भारतीय वायु-सेना का है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) कार्य समय इस प्रकार से निर्धारित किया गया है कि अनुसूचित उड़ानों के प्रचालन प्रभावित न हों।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट की इक्विटीधारिता

1173. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बाजार की रिपोर्टों और भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार कितने औद्योगिक समूहों में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की अपनी इक्विटीधारिता है तथा इस समय भारतीय यूनिट ट्रस्ट की कुल इक्विटीधारिता कितनी है; और

(ख) विभिन्न इकाइयों में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की ऐसी इक्विटीधारिताओं का वर्तमान बाज़ार मूल्य कितना है?

वित्त मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) और (ख) भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने सूचित किया है कि 30 जून, 1996 की स्थिति के अनुसार 1,000 से अधिक कंपनियों में उसकी इक्विटी धारिता है। इन सभी कंपनियों की इक्विटी में कुल निवेश का बाजार मूल्य उस तारीख की यथास्थिति के अनुसार लगभग 37,400 करोड़ रुपए था।

आकाशवाणी द्वारा प्रसारित "खेल-सेवा" कार्यक्रम के लिए नियुक्त एंकरमैन

1174. **श्री शिव चरण सिंह:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी द्वारा प्रसारित "खेल-सेवा" कार्यक्रम हेतु नियुक्त एंकरमैन को कतिपय सुविधाएं एवं मानदेय दिया जाता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन एंकरमैन के कर्त्तव्य क्या हैं; और

(ग) अब तक कितने और किन-किन एंकरमैनों को मानदेय दिया जाना शेष है और इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहीम): (क) और (ख) स्थानीय खेल-कूद कार्यकलापों को कवर करने के लिए एंकरमैनों को रोजमर्रा की आवश्यकताओं के अनुसार प्रति कार्यक्रम 400 रुपये की निर्धारित दर पर बुक किया जाता है। इस प्रयोजनार्थ, उन्हें टेपरिकार्डर, सम्पादन के लिए स्टूडियो सुविधाओं आदि जैसी आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाती हैं।

(ग) किसी भी एंकरमैन का कोई भुगतान बकाया नहीं है।